तापमान

| | | |
|---|---|---|
| भोपाल | 26.3° | 10.6° |
| इंदौर | 28.4° | 13.2° |
| जबलपुर | 27.7° | 11.4° |
| ग्वालियर | 27.9° | 14.2° |

दैनिक
# नईदुनिया

भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित

वर्ष- 78
(भोपाल : वर्ष 40 अंक 97, पृष्ठ 12)
गुरुवार 6 मार्च 2025
राजधानी संस्करण
कीमतः 3:00 रुपये




**राजधानी...** लाइनमैन दिवस पर मध्य क्षेत्र विद्युत ...


**खेल...** आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी स्टीव स्मिथ ने वनडे ...


**व्यापार...** क्रेडिट कार्ड से खर्च जनवरी में 14 फीसदी से...


**देश-विदेश...** पारंपरिक और घरेलू उपायों से महिलाएं..


www.naiduniaonline.com

## खास-खबरें

### प्रधानमंत्री योग पुरस्कार 2025 के लिए नामांकन शुरू

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** योग के प्रचार और विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले व्यक्तियों और संगठनों को सम्मानित करने के लिए प्रधानमंत्री योग पुरस्कार 2025 के आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। यह पुरस्कार योग के प्रति समर्पण और इसके वैश्विक प्रसार में योगदान करने वालों को मान्यता प्रदान करता है। पुरस्कार उन व्यक्तियों और संगठनों को दिए जाएंगे जिन्होंने योग के प्रचार-प्रसार और इसके विकास में महत्वपूर्ण और लगातार योगदान दिया है, चाहे वह राष्ट्रीय स्तर पर हो या अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर। माई गवर्नमेंट ऑफ इंडिया ने एक्स पोस्ट पर लिखा कि योग की परिवर्तनकारी शक्ति का जश्न मनाएं। पीएम योग पुरस्कार 2025 योग के प्रचार और विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले व्यक्तियों और संगठनों को सम्मानित करता है। माई गवर्नमेंट ऑफ इंडिया पर योग्य उम्मीदवार आवेदन करें। योग प्राचीन भारतीय परंपरा का एक अमूल्य उपहार है।

### तीन जुलाई को खुलेंगे बाबा बर्फानी के कपाट

**जम्मू ( एजेंसी )।** श्री अमरनाथ यात्रा 2025 के कार्यक्रम की घोषणा कर दी गई है। श्रद्धालु 3 जुलाई से 9 अगस्त तक बाबा बर्फानी के दर्शन कर सकेंगे। भक्तों के पास बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए 39 दिन होंगे। अमरनाथ श्राइन बोर्ड के चेयरमैन और जम्मू-कश्मीर के एलजी मनोज सिन्हा के नेतृत्व में एक बैठक हुई। डीजीपी नलिन प्रभात और मुख्य सचिव अटल डुल्लू जैसे वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। इस बैठक में अमरनाथ यात्रा की अंतिम तारीखों पर मुहर लगा दी गई।

युवाओं के लिए रोजगार पैदा कर सकता पर्यटन

# बजट में विकसित भारत का खाका सामने आया : मोदी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।**

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि इस बजट में नवाचार, कौशल विकास तथा प्रधानमंत्री इंटर्नशिप के जरिए रोजगार उपलब्ध कराने पर विशेषरूप से फोकस किया गया है ताकि युवाओं के लिए रोजगार के नये अवसर सृजित हो सके।**



श्री मोदी ने 2025-26 के बजट पर एक राष्ट्रीय वेबीनार को संबोधित करते हुए बुधवार को कहा कि बजट में निवेश, अर्थव्यवस्था और नवाचार को महत्व दिया जा रहा है और नवोचार के क्षेत्र में निवेश को विशेष बढ़ावा देने पर जोर दिया गया है। यह अगले वित्त वर्ष के बजट पर इस साल का तीसरा वेबीनार है जिसमें सरकारों, उद्योग जगत-व्यापार के प्रतिनिधि तथा अन्य हितधारक शामिल थे। इन वेबीनार का उद्देश्य बजट के प्रावधानों को तत्परता से क्रियान्वित करना है। बजट के बाद रोजगार पर वेब गोष्ठी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि लोगों में और नवाचार आधारित विषयों में निवेश करना विकसित भारत की रूपरेखा को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि बजट 2025-26 में विकसित भारत का खाका सामने आया है। इसमें बुनियादी ढांचे और कौशल विकास को समान महत्व दिया गया है। उन्होंने कहा कि पर्यटन युवाओं के लिए रोजगार पैदा कर सकता है। इस क्षेत्र को बुनियादी ढांचे का दर्जा मिलने से जीडीपी में इसकी हिस्सेदारी बढ़ेगी। हमें प्रतिभा को बढ़ावा देने, कौशल विकास और नवाचार जैसे क्षेत्रों में अधिक निवेश करने की आवश्यकता है।


प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत एआई शोध के लिए एक राष्ट्रीय लार्ज लैंग्वेज मॉडल (एलएलएम) स्थापित करेगा और इस क्षेत्र में निवेश के लिए कहा जाएगा। रोजगार सृजन को महत्व देते हुए सरकार ने 2014 से अब तक तीन करोड़ युवाओं को कौशल प्रशिक्षण दिया। उन्होंने कहा कि हमने इस बजट में 10 हजार अतिरिक्त मेडिकल सीटों की घोषणा की है। हम अगले 5 सालों में मेडिकल लाइन में 75 हजार सीटें जोड़ने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं। सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में टेली-मेडिसिन सुविधा का विस्तार हो रहा है। डे-केयर कैंसर सेंटर और डिजिटल स्वास्थ्य सेवा बुनियादी ढांचा के जरिए हम गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा को लास्ट माइल तक पहुंचाना चाहते हैं।

मोदी ने कहा कि इस बजट में घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कई फैसले लिए गए हैं। देश भर में पर्यटन के लिए 50 गंतव्य पर फोकस करते हुए विकसित किया जाएगा। इन गंतव्य में होटलों को आधारभूत संरचना का दर्जा दिए जाने से पर्यटन में आसानी बढ़ेगा, स्थानीय रोजगार को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि ज्ञान भारतम मिशन के माध्यम से भारत की समृद्ध पांडुलिपि विरासत को संरक्षित करने की घोषणा बहुत ही अहम है। इस मिशन के माध्यम से एक करोड़ से अधिक पांडुलिपियों को डिजिटल फॉर्म में बदला जाएगा।

# केदारनाथ और हेमकुंड साहिब रोप-वे प्रोजेक्ट्स को केन्द्र सरकार की मंजूरी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।**

**सरकार ने पर्वतमाला परियोजना के अंतर्गत उत्तराखंड में स्थिति तीर्थ स्थल बाबा केदारनाथ तथा सिखों के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल हेमकुंड साहिब के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं को रोपवे की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए कुल 6811 करोड रुपए की लागत की दो परियोजनाओं के निर्माण को आज मंजूरी प्रदान की।**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति की आज यहां हुई बैठक में इन दोनों परियोजनाओं को मंजूरी दी गयी। रेल, सूचना प्रसारण, इलैक्टॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते हुए यहां संवाददाता सम्मेलन में बताया कि इन परियोजनाओं पर डिजाइन, निर्माण, वित्त, संचालन और स्थानांतरण-डीबीएफओटी मोड पर काम कराया जाएगा जिन्हें चार से छह वर्ष के भीतर पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि दोनों रोपवे परियोजनाओं को भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधीन कंपनी राष्ट्रीय राजमार्ग रसद प्रबंधन लिमिटेड द्वारा बनाया जाएगा । श्री वैष्णव बताया कि उत्तराखंड में सोनप्रयाग से केदारनाथ 12.9 किलोमीटर लम्बी रोपवे परियोजना के निर्माण पर 4081.28 करोड़ रुपए की लागत से किया जाएगा। रोपवे को सार्वजनिक-निजी भागीदारी में विकसित करने की योजना है और यह परियोजना सबसे उन्नत ट्राई-केबल डिटेचेबल गोंडोला-3एस तकनीक पर आधारित होगा जिसकी डिजाइन क्षमता 1800 यात्री प्रति घंटे प्रति दिशा होगी,जो प्रति दिन 18 हजार यात्रियों को लाने ले जाने में सक्षम होगी। एक गोंडोला मिनी बस के समान होगा जिसमें एक बार में 36 यात्री सवारी कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि रोपवे निर्माण से केदारनाथ की यात्रा गौरीकुंड से 16 किलोमीटर की चढ़ाई में लगने वाला 8 से 9 घंटे की अवधि घटकर महज 36 मिनट रह जाएगी। प्रस्तावित रोपवे की योजना मंदिर में आने वाले तीर्थयात्रियों को सुविधा प्रदान करने और सोनप्रयाग और केदारनाथ के बीच हर मौसम में कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने के लिए बनाई गई है। उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग में 3,583 मीटर की ऊंचाई पर स्थित केदारनाथ में 6 से 7 महीने में हर साल लगभग 20 लाख तीर्थयात्री पहुंचते हैं। रोपवे के निर्माण से यह संख्या 23 लाख हो जाएगी। श्री वैष्णव ने बताया कि गोविंदघाट से हेमकुंड साहिब तक 12.4 किमी रोपवे परियोजना को भी डीबीएफओटी मोड पर तैयार किया जाएगा। इसमें 10.55 किलोमीटर तक गोविंदघाट से घांघरिया तक और 1.85 किलोमीटर घांघरिया से हेमकुंड साहिब तक बनाया जाएगा। इस परियोजना पर 2730.13 करोड़ रुपए लागत आने का अनुमान है। करीब 15 हजार फुट की ऊंचाई पर स्थित हेमकुंड साहिब की यात्रा गोविंदघाट से 21 किमी की चुनौतीपूर्ण चढ़ाई है। उन्होंने कहा कि इस रोपवे से हेमकुंड साहिब के दर्शन के साथ ही फूलों की घाटी का दौरा करने वाले पर्यटकों को भी सुविधा होगी जो घांघरिया से करीब चार किलोमीटर की दूरी पर है। इस तीर्थ पर हर साल करीब दो लाख यात्री पहुंचते हैं। उन्होंने कहा कि इस समय हेमकुंड साहिब में चार से पांच घंटे ही दर्शन हो पाते हैं।

# शिक्षा बदलाव लाने का सबसे प्रभावी जरिया :धनखड़



**सिरसा ( एजेंसी )।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को कहा कि शिक्षा बदलाव लाने का सबसे प्रभावी जरिया है। श्री धनखड़ सिरसा में माता हरकी देवी ग्रुप ऑफ इन्स्टि्यूशंस, ओढ़ां के दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि छात्रों को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि शिक्षा सबसे बड़े बदलाव का केंद्र है। शिक्षा समानता लाती है। शिक्षा परिभाषित करती है कि आपकी योग्यता ऊपर उठ पाएगी। धनखड़ ने कहा कि शिक्षा का दान समाज के लिए सबसे बड़ा दान है। उन्होंने कहा कि सबसे बड़ा धन क्या है? सबसे बड़ा धन ज्ञान है। और सबसे बड़ा दान क्या है? शिक्षा है। धनखड़ ने कहा कि शिक्षा समाज में बदलाव का सबसे प्रभावी माध्यम है क्योंकि हर क्षेत्र में वही लोग नेतृत्व कर रहे हैं जिन्होंने शिक्षा में भी अपना स्थान बनाया। इस संदर्भ में उन्होंने अपने जीवन में अपने सैनिक स्कूल, चित्तौड़गढ़ के संस्कारों और अनुभवों के महत्व को याद करते हुए कहा कि मेरा असली जन्म तो सैनिक स्कूल ( शेष पेज 2 पर )

### तेजस में जीवन रक्षक प्रणाली का अत्यधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में सफल परीक्षण

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन की एक प्रयोगशाला ने स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस के लिए देश में ही विकसित ऑन-बोर्ड ऑक्सीजन जनरेटिंग सिस्टम आधारित जीवन रक्षक प्रणाली का अत्यधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में सफल परीक्षण किया है।यह एक अत्याधुनिक प्रणाली है जिसे उड़ान के दौरान पायलटों के लिए सांस लेने योग्य ऑक्सीजन उत्पन्न करने और नियंत्रित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इससे पारंपरिक तरल ऑक्सीजन सिलेंडर-आधारित प्रणालियों पर निर्भरता समाप्त हो जायेगी। इस प्रणाली का हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी के एलसीए-प्रोटोटाइप व्हीकल-3 विमान पर कठोर परीक्षण किया ( शेष पेज 2 पर )

### पंजाब से चंडीगढ़ आ रहे किसानों को पुलिस ने रोका

**चंडीगढ़ ( एजेंसी )।** संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम ) से जुड़े किसानों ने बुधवार को दावा किया कि उन्हें अपनी विभिन्न मांगों के समर्थन में नियोजित 'धरने' के लिए चंडीगढ़ की ओर जाने की अनुमति नहीं दी जा रही है। धरने के मद्देनजर चंडीगढ़-मोहाली सीमा पर अवरोधक लगा दिए गए और सुरक्षा बढ़ा दी गई है। एसकेएम 30 से अधिक किसान संगठनों का एक समूह है और उसने अपनी विभिन्न मांगों के समर्थन में पांच मार्च से चंडीगढ़ में एक सप्ताह तक धरना देने का आह्वान किया है। संगठन ने कहा कि बुधवार की सुबह ट्रैक्टर-ट्रॉलियों और अन्य वाहनों से चंडीगढ़ के लिए रवाना हुए किसानों को पंजाब पुलिस रोक रही है। मोगा ( शेष पेज 2 पर )

# कोर्ट में पेश न होने पर राहुल गांधी पर 200 रुपए का जुर्माना



**लखनऊ ( एजेंसी )। राहुल गांधी के आज अदालत में पेश होने की उम्मीद थी, लेकिन उनके वकील ने पूर्व प्रतिबद्धताओं का हवाला देते हुए छूट की मांग करते हुए एक आवेदन प्रस्तुत किया।**

आवेदन में कहा गया है कि विपक्ष के नेता के रूप में गांधी ने एक विदेशी गणमान्य व्यक्ति के साथ पूर्व-निर्धारित बैठक की, जिससे उनके लिए अदालती कार्यवाही में भाग लेना असंभव हो गया। दलीलें सुनने के बाद, अदालत ने उनके छूट अनुरोध को खारिज कर दिया और गैर-उपस्थिति के लिए 200 रुपये का जुर्माना लगाया। अदालत ने अब 14 अप्रैल के लिए सुनवाई पुनर्निर्धारित की है और गांधी को बिना किसी बहाना के पेश होने का निर्देश दिया है। यह घटनाक्रम चल रहे राजनीतिक तनाव के बीच आया है, यह मामला वीर सावरकर से जुड़ी ऐतिहासिक और वैचारिक बहस से जुड़ा होने के कारण काफी ध्यान आकर्षित कर रहा है। वहीं, ( शेष पेज 2 पर )

**स्पेशल खबर** *औरंगजेब के बयान पर सपा पर बरसे योगी...*

# अबू आजमी को यूपी भेज दो, इलाज हम कर देंगे

**लखनऊ (एजेंसी)।**

**मुगल शासक औरंगजेब की प्रशंसा करने वाले समाजवादी पार्टी ( स्क) के विधायक अबू आज़मी पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जमकर आक्रोश निकाला।**



उन्होंने सपा पर निशाना साधते हुए कहा कि अबू आजमी को पार्टी से बाहर निकालो और नहीं तो यूपी भेज दो, बाकी ऐसे लोगों का उपचार हम अपने आप करवा देंगे। यूपी विधानमंडल के बजट सत्र के दौरान सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उस व्यक्ति को पार्टी से निकालो और यूपी भेज दीजिए, बाकी इलाज हम अपने आप करवा देंगे। जो व्यक्ति छत्रपति शिवाजी महाराज की परंपरा पर गर्व करने के बजाय लज्जा महसूस कर रहा हो और औरंगजेब को अपना नायक मान रहा हो, क्या उसे भारत के अंदर रहने का अधिकार होना चाहिए? समाजवादी पार्टी को इसका जवाब देना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि एक तरफ आप महाकुंभ को दोष देते रहते हैं, दूसरी तरफ आप औरंगजेब जैसे क्रूर व्यक्ति की प्रशंसा करते हैं, जिसने देश के मंदिरों को नष्ट किया हो। आप अपने उस विधायक को नियंत्रित क्यों नहीं कर सकते? आपने उसके बयान की निंदा क्यों नहीं की?

उन्होंने यह भी कहा कि शाहजहां ने अपनी जीवनी में लिखा है कि तुमसे अच्छे तो हिन्दू हैं, जो माता-पिता की जीवित रहते तो सेवा करते ही हैं। उनकी मृत्यु के पश्चात उन्हें तर्पण के माध्यम से जल तो देते हैं। महाकुंभ का जिक्र करते हुए सीएम योगी ने कहा कि जिसकी जैसी दृष्टि थी, उसको वैसी ही सृष्टि प्रयागराज में देखने को ( शेष पेज 2 पर )